सत्यमेव जयते

भारत सरकार
**आयुष मंत्रालय**

International Day of Yoga
21 June
Yoga for Harmony & Peace

# योग बंधन



## योग-बंधन

योग बंधन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के 10 मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है, जिसके माध्यम से भारत योग आधारित गतिविधियों को शामिल करते हुए एक अद्वितीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से साझेदार देशों के साथ योग गठबंधन का निर्माण करता है।

पिछले दशक में, आईडीवाई एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में विकसित हुआ है, जो विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के मध्य समग्र स्वास्थ्य, माइंडफुलनेस और सद्भावना को प्रोत्साहित करता है। दशक भर की इस लंबी यात्रा के उपलक्ष्य में, आईडीवाई 2025 में योग के आख्यान को बढ़ाने वाले दस मुख्य कार्यक्रम शामिल होंगे, जिसमें प्रत्येक का लक्ष्य समाज के विशिष्ट वर्गों तक पहुंच स्थापित करना है।

उनमें से एक योग बंधन है, जिसमें विभिन्न भागीदार देशों के साथ योग के अभ्यास से जुड़े प्रतिनिधियों का आदान-प्रदान शामिल है।

निवर्तमान प्रतिनिधियों की गतिविधियों और यात्रा कार्यक्रम का समन्वय, विदेश में स्थित भारतीय मिशनों द्वारा किया जाएगा और इसमें शैक्षिक संस्थानों में योग सत्रों की मेज़बानी तथा संचालन करना और मेज़बान देश में योग के महत्वपूर्ण हितधारकों के साथ संवाद करना शामिल होगा। ये आदान-प्रदान उन संबंधों और साझा मूल्यों को दोहराएंगे जिन्हें योग, सीमाओं के परे बढ़ावा देता है। आदान-प्रदान के इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में भारत आने वाले प्रतिनिधियों को एक विसर्जन कार्यक्रम से गुजरना होगा जिसका समापन 21 जून, 2025 को मुख्य आईडीवाई कार्यक्रम के साथ होगा। सभी प्रतिनिधि प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेंगे और सांस्कृतिक अनुभव को बढ़ाने के लिए योग संस्थानों का दौरा करेंगे।

**योग-बंधन**

योग बंधन का उद्देश्य विश्व स्तर पर योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए सीमाओं के पार संस्थान-से-संस्थान और लोगों-से-लोगों के बीच, संबंधों को बढ़ावा देना है। यह स्वास्थ्य और कल्याण पर योग के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करने का भी प्रयास करता है। योग बंधन न केवल योग के प्रदर्शनों से परे है बल्कि यह इन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योग के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इन संयुक्त योग कार्यक्रमों के समन्वय से, भारत और भारत के सहयोगी देश, समग्र कल्याण, आंतरिक शांति और अंतर-सांस्कृतिक समझ के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।

योग के अभ्यास के माध्यम से विविध संस्कृतियों एवं परंपराओं को एकीकृत करके, योग बंधन पहल, सहयोग, मित्रता और सामूहिक कल्याण की शक्ति के प्रमाण के रूप में दृढ़ता से खड़ी होगी।

Design: Kamleshwar Singh

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**